# आचार संहिता

PARKER
WELLBORE
Energy. Well engineered.



# नेतृत्व की प्रतिबद्धता

**नई पार्कर वेलबोर आचार संहित पेश करते हुए हमें प्रसन्नता हो रही है। हमने उसे अधिक स्पष्ट, सरल और मजबूत बनाने के लिए और उसे विश्वास, सहयोग, स्वामित्व, नवप्रवर्तन और दृढ़ता के हमारे मूल्यों के साथ अधिक स्पष्टता के साथ जोड़ने के लिए उसे दुबारा लिखा है।**

मैं उसे स्वयं व्यक्तिगत रूप से इसलिए प्रस्तुत कर रहा हूँ क्योंकि पार्कर वेलबोर में सदाचार और निष्ठा की हमारी संस्कृति को मजबूत करने के अभियान को जारी रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। पार्कर वेलबोर की यात्रा के इस पड़ाव में, यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम सर्वोच्च मानकों का पालन करते जाएँ, क्योंकि हमें ईमानदार रहकर, अपने वायदों को निभाकर, और सही काम करके सफलता अर्जित करनी है। निष्ठा की अधिक मजबूत संस्कृति बेहतर व्यावसायिक निष्पादन को परिचालित करती है और वह हमारी सफलता के लिए आवश्यक है। यह एक ऐसा विषय है जिसके प्रति मैं निजी तौर पर प्रतिबद्ध हूँ और प्रत्येक कर्मचारी से से यह अपेक्षित भी है और यह उसके लिए आवश्यक भी है।

मैं आपमें से प्रत्येक व्यक्ति से, तथा आपके सहयोगियों से आग्रह करता हूँ कि आप इस आचार संहिता में बताए गए सिद्धांतों को पूरा करने का दायित्व स्वीकार करें। यदि आपको किसी के आचरण को लेकर चिंता हो रही हो, तो हम चाहते हैं कि आप अपनी आवाज बुलंद करें, ताकि हम समस्या का निराकरण तुरंत ही और उचित ढंग से कर सकें। चूँकि हम जानते हैं कि अपनी आवाज उठाना हमेशा आसान और सहज नहीं होता है, इसलिए हमने ऐसे कई माध्यम उपलब्ध कराए हैं, जिनका उपयोग करके आप अपनी बात हम तक पहुँचा सकते हैं। हम यह आश्वासन भी देते हैं कि हम किसी भी प्रकार की बदले की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

कृपया इस आचार संहिता को पढ़ें और उसे हृदय से अंगीकार करें और याद रखें कि हमें हमेशा ही अपने मूल्यों को मन में ताजा रखना होगा। हम साथ-साथ बहुत दूर निकल आए हैं, और टीम-भावना के साथ काम करना जारी रखते हुए हम विश्व बाजार का नियंता होने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

**सैंडी एसलेमोंट**

**अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी**



# मुख्य अनुपालन अधिकारी का संदेश

**पार्कर वेलबोर के मुख्य अनुपालन अधिकारी होने की हैसियत से मैं अपने व्यवसाय को सुरक्षित रूप से, कानूनी तरीके से, ईमानदारी और निष्ठा के साथ, और हमारी कंपनी के मानकों का अनुपालन करते हुए संचालित करने के प्रति समर्पित हूँ, ताकि हम सही स्तर पर जोखिम-आधारित निर्णय ले सकें।**



मैं पार्कर वेलबोर के हर निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी, सहयोगी, अनुषंगी, ठेकेदार और एजेंट से समान प्रतिबद्धता की अपेक्षा रखती हूँ। इसमें कोई भी अपवाद स्वीकार्य नहीं है। पार्कर वेलबोर के निदेशक-मंडल की लेखा-परीक्षण समिति को सीधे रिपोर्ट करने वाले एक अधिकारी के रूप में, मैं इसे सुनिश्चित करती हूँ कि हमारे व्यवसाय की निष्ठा और अनुपालन प्रकार्य स्वतंत्र रूप से और स्वयं अपने निर्णय लेते हुए काम करते हैं और उनके सामने पेश आने वाले अनुपालन से जुड़े सभी मामलों को  निपटाते हैं।

पार्कर वेलबोर आचार संहिता हमारे कानूनी, अनुपालन-संबंधी, और नैतिक मानकों को रेखांकित करती है और इसे भी बताती है कि हम अपने प्रचालनों और लोगों से क्या अपेक्षाएँ रखते हैं, भले ही उनका स्थान और पद जो भी हो। वह विक्रेताओं, सहकर्मियों, साझेदारों, सरकारी अधिकारियों, और अन्य लोगों के साथ व्यवसाय करते समय हमारे मिशन, दृष्टि, और केंद्रभूत मूल्यों को रूप देती है। यह संहिता पार्कर वेलबोर की नीतियों में सर्वोच्च स्थान पर विराजमान है। हम सब उसे पढ़ने, समझने और सदा ही उसका अनुपालन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार हैं। केवल मैं - हमारी लेखा-परीक्षण समिति के साथ परामर्श करके - इस संहिता के अपवादों या विचलनों को अधिकृत कर सकती हूँ।

यह संहिता आपको अपने दैनंदिन के कार्य-कलापों में पेश आने वाले सामान्य कानूनी, अनुपालन-संबंधी और नैतिक मामलों में परामर्श देती है। यदि आपको किसी विशेष स्थिति को लेकर कोई प्रश्न या चिंता हो, तो आपको अपने पर्यवेक्षक, व्यावसायिक निष्ठा और अनुपालन विभाग, या सदाचार हॉटलाइन से संपर्क करना चाहिए। संभावित चिंताओं या उल्लंघनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना हमारी संस्कृति का एक अंग है, और हम कभी भी सद्भावना के साथ दी गई सूचनाओं के लिए बदले की कार्रवाइयों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

पार्कर वेल्बोर ने निष्ठा की मजबूत नींव पर एक सफल विरासत का भवन खड़ा किया है। जो सही हो, उसे करने में पार्कर वेल्बोर के तीरके से चीजों को करना शामिल है। निरंतर परिवर्तन के माहौल में, सदाचार और निष्ठा के प्रति आपकी सतत प्रतिबद्धता हमारे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**नटाली स्कॉट**

मुख्य अनुपालन अधिकारी

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| मिशन, दृष्टि, और मूल्य | 4 |
| निष्ठा, कार्य करते हुए | 4 |
| चिंताओं को रिपोर्ट करना और प्रतिशोध-निषेध | 4 |
| हम ईएसजी में विश्वास रखते हैं | 5-6 |
| अंतर्राष्ट्रीय व्यापार | 7 |
| अपने व्यवसाय को जिम्मेदारी के साथ चलाना | 8 |
| प्रौद्योगिकी द्वारा उन्नयित कंपनी | 8 |
| हितों में टकराव | 9 |
| आंतरिक नियंत्रण | 9 |
| मनोरंजन, यात्रा, उपहार, एवं अंशदान | 9 |
| तृतीय पक्षों के साथ संबंध | 10 |

# दृष्टि, मिशन, और केंद्रभूत मूल्य

एक नैतिक और उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यस्थल निर्मित करने और उसे कायम रखने की आधारशिला होने के नाते, पार्कर वेल्बोर ("पार्कर") आचार संहिता ("संहिता) हमारे साझे मूल्यों से शक्ति ग्रहण करती है, और पार्कर की समग्र मिशन और दृष्टि को सुदृढ़ करती है। हम अपने कार्य-कलापों के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त करने के लिए अपने मिशन, दृष्टि, मूल्यों और आचार संहिता पर निर्भर करते हैं।

# निष्ठा, कार्य करते हुए

पार्कर तथा उसके लोगों को सदा ही निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। यह संहिता हमारे व्यवहारों के लिए एक मार्ग-दर्शक है, लेकिन वह उन सभी परिस्थितियों के बारे में निर्देश नहीं देती है, जिन सबका हमें सामना करना पड़ सकता है। पर वह अवश्य ही हमें इसके बारे में सोचने को प्रेरित करती है कि हम अपने व्यवहारों में और अपने निर्णयों में अपने मूल्यों को कैसे उतार सकते हैं। हम हमेशा ही कानूनों और विनियमों का, तथा पार्कर की नीतियों, कार्यविधियों, और निदेशों का पालन करते हैं, और विश्वास और स्वामित्व के प्रति समर्पित रहते हैं।

# चिंताओं को रिपोर्ट करना और प्रतिशोध-निषेध

यदि आपको इस संहित के बारे में कोई प्रश्न या चिंता हो, तो आपको पहले अपने पर्यवेक्षक से संपर्क करना चाहिए। यदि आपको अतिरिक्त सहायता चाहिए, अथवा आप अपने पर्यवेक्षक से अपने प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने में या उसे अपनी चिंताएँ बताने में संकोच अनुभव कर रहे हों, तो आप व्यावसायिक निष्ठा और अनुपालन विभाग से संपर्क कर सकते हैं, या सदाचार हॉटलाइन के माध्यम से एक रिपोर्ट जमा कर सकते हैं। आप गुमनाम रहते हुए भी अपनी रिपोर्ट जमा कर सकते हैं।

पार्कर हमारी संहिता, हमारी नीतियों, अथवा कानून के किसी संभावित उल्लंघन की सूचना सद्भावना के साथ देने वाले किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध प्रतिशोध को निषिद्ध करता है। पार्कर प्रतिशोधात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी भी शामिल है।

### संहिता के तहत कर्मचारी की जिम्मेदारियाँ

- स्वयं मिसाल बनकर और नैतिक आचरण का आदर्श प्रस्तुत करके अनुपालन को प्रोत्साहित करना।
- हमारे कर्मचारियों को बदले की कार्रवाइयों से बचाना।
- इसे सुनिश्चित करना कि हम अपनी नीतियों तथा लागू होने वाले कानूनों का अनुपालन करते हुए अपनी सभी गतिविधियों को करते हैं।
- टीम से सदस्यों को अपने कार्यों के लिए जिम्मेदार बनाना।
- सभी कर्मियों के साथ निष्पक्ष और सम्मानपूर्वक व्यवहार करना।
- हितों में टकराव या अन्य अनुचित व्यवहार की भनक भी नहीं आने देना।
- कर्मचारियों को सीखने, मार्गदर्शन प्राप्त करने, और अपनी चिंताएँ अपने पर्यवेक्षक से या हमारे सदाचार हॉटलाइन के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना।

PARKER WELLBORE

## दृष्टि

पार्कर की दृष्टि, वेलबोर निर्माण के व्यवसाय में जोखिम को न्यूनतम करने और निष्पादन को इष्टतम स्तर पर लाने के लिए सबसे अधिक पसंद किया जाने वाला वैश्विक साझेदार बनाना।

## मिशन

पार्कर का मिशन है हर दिन अपने ग्राहकों के साथ मिलकर स्वयंपोषी तरीके से और सुरक्षित रीति से सबसे अधिक किफायती वेलबोर का निर्माण करना।

## केद्रभूत मूल्य

हमारी संस्कृति चंद दृढ़ मूल्यों पर निर्मित है, और हमारे कर्मचारी हर दिन इसी संस्कृति के अनुसार जीते हैं। विश्वास, सहयोग, स्वामित्व, नवप्रवर्तन, और दृढ़ता वाले हमारे केंद्रीय मूल्य हमें सही काम करने, अपने ग्राहकों के साथ संरेखित होने, साझादारियाँ प्राप्त करने, समाधानों की जिम्मेदारी लेने, निष्पादन परिणामों को सुधारने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# हम ईएसजी में विश्वास रखते हैं

**चूँकि हम मानते हैं कि एक कंपनी के रूप में हम स्वयंपोषणीयता को कैसे प्राप्त करते हैं, यह अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए हम एक-दूसरे के प्रति, हमारे ग्राहकों के प्रति, और हमारे सभी हितधारकों प्रति नैतिकता और निष्ठा की हमारी संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं।**

**ईएसजी**

**पर्यावरण:** हमारे पर्यावरण की हिफ़ाजत करना

**समाज:** सभी लोगों का, सबको शामिल करने वाली संस्कृति का, और मानवाधिकारों का सम्मान करना

**सुशासन:** भ्रष्टाचार से लड़ना और आवाज उठाना

## हमारे पर्यावरण की हिफ़ाजत करना

पार्कर में हम अपने प्रचालनों में और उन समुदायों में जिनमें हम रहते और काम करते हैं, पर्यावरण की हिफ़ाजत करने को प्राथमिकता देते हैं। पार्कर वेल्बोर इस उद्योग में विश्व के सबसे अधिक नाजुक और कठोर परिवेशों में वेधन (ड्रिलिंग) करने के कार्य में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है। हम अपने सर्वांगीण पर्यावरणीय अनुपालन कार्यक्रमों, सर्वोत्तम प्रथाओं वाले अभिगम, श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी, और सुप्रशिक्षित और कुशल कर्मचारियों के कारण ही निरंतर मजबूत निष्पादन दे पाते हैं। मानकीकृत प्रक्रियाएँ और कार्यविधियाँ हमारे कर्मचारियों को पर्यावरण की रक्षा करने और हमारे प्रचालनों से संबंधित जोखिमों को प्रबंधित करने की हमारी क्षमताओं में निरंतर सुधार लाने के प्रति हमारी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं से अवगत बने रहने में मदद करती हैं।

## जलवायु संक्रमण योजना

पार्कर वर्तमान और भावी उप-सतहीय ऊर्जा चुनौतियों का सामना करने के कार्य में योगदान करने के लिए तैयार है, फिर वे चुनौतियाँ जो भी हों। उप-सतहीय स्तर तक पहुँचना हमारी ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा संक्रमण के लिए परमाश्यक है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए तेल और गैल के महत्व को नजरंदाज नहीं करते हुए भी, पार्कर उग्र रूप से ऊर्जा संक्रमण स्थान में फैल रहा है और वेलबोर निर्माण के लिए अपनी विशेषज्ञता प्रस्तुत कर रहा है।

## स्वास्थ्य और सुरक्षा

पार्कर अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक है। हमें स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित सभी नीतियों का पालना करना होगा और काम करने के सभी असुरक्षित स्थलों और नीतियों के उल्लंघनों की सूचना तुरंत देनी होगी।

## भ्रष्टाचार से लड़ना और आवाज उठाना

पार्कर न केवल अपने हिस्सेदारों के प्रति, बल्कि सभी हितधारकों के प्रति हमारे निगमीय प्रयोजन पर आधारित एक मूलभूत प्रतिबद्धता के साथ सकारात्मक सामाजिक प्रभाव डालने को प्रोत्साहित करता है। हमारी सफलता हमेशा ही सच्ची योग्यता, विश्वास, और ईमानदारी पर निर्भर करनी चाहिए। पार्कर में आप जो भी पद पर हों, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार, धाँधली, और अन्य सभी गैरकानूनी व्यवहारों के लिए शून्य सहनशीलता है। पार्कर उसकी ओर से व्यवसाय करने वाले सभी से अपेक्षा रखता है कि वे सब भी लागू होने वाले रिश्वत-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का अनुपालन करेंगे।

**प्र: मैं जिस परियोजना में काम कर रहा हूँ, उससे संबंधित एक सलाहकार ने सुझाव दिया है कि मुझे एक सरकारी अधिकारी को "प्रक्रिया शुल्क" देना चाहिए, जिससे आवश्यक लाइसेंस जल्दी मिल जाएगा। मैं इस सरकारी अधिकारी से कुछ गैरकानूनी काम करने के लिए नहीं कह रहे है, हम तो बस चीजों को कुछ अधिक तेजी से आगे बढ़ाना चाहते हैं ताकि परियोजना समय पर पूरी हो। यह भी है कि यह भुगतान इस सलाहकार द्वारा किया जाएगा, न कि पार्कर द्वारा। पार्कर अनुबंध के तहत एक अतिरिक्त सलाहकार शुल्क अदा करेगा। क्या यह "प्रक्रिया शुल्क" चुकाना ठीक होगा?**

**क:** नहीं। "काम को तेजी से पूरा करने का शुल्क" या "सुविधा शुल्क" चुकाना पार्कर में निषिद्ध है। हम जिन अधिकतर देशों में काम करते हैं, वहाँ इन्हें गैरकानूनी माना जाता है क्योंकि ये रिश्वत ही हैं। पार्कर रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार में संलग्न नहीं होता है, न ही हम अपने एजेंटों, सलाहकारों, या अन्य व्यावसायिक साझेदारों को हमारी ओर से रिश्वत देने की अनुमति देते हैं। इस सलाहकार का यह सुझाव एक गंभीर उल्लंघन और इसे तुरंत ही पर्यवेक्षक, व्यावसायिक निष्ठा और अनुपालन विभाग, या सदाचार हॉटलाइन को रिपोर्ट करना चाहिए।

# हम ईएसजी में विश्वास रखते हैं

## सभी लोगों का, सबको शामिल करने वाली संस्कृति का, और मानवाधिकारों का सम्मान करना

### सभी लोगों का आदर करना

पार्कर में हम एक-दूसरे का और मूल्यों में भिन्नताओं का आदर करते हैं, और एक समावेशी परिवेश निर्मित करने का प्रयास करते हैं जो भेद-भाव, धमकियों और उत्पीड़न से मुक्त हो। लिंग, पहचान/अभिव्यक्ति, लैंगिक अभिरुचि, राष्ट्रीयता, मजहब, और कुछ समुदायों द्वारा संजातीयता, रंग, संस्कृति, नस्ल के आधार पर निर्मित किए गए पहचान से जुड़े अन्य आयामों को लक्षित करके किए गए दुर्व्यवहारों और मानव-लक्षणों में देखी जाने वाली भिन्नताओं के आधार पर लोगों के साथ किए गए दुर्व्यवहारों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्र: **मेरा बॉस कभी-कभी मुझे असहज महसूस कराता है - जब कोई भी नहीं होता है तब वह ड्रिंक्स के लिए बाहर जाने को कहता है या नाजायज संबंध बनाने की बात छेड़ता है। मैं क्या करूँ?**

उ: यदि आप अपने बॉस के व्यवहार को नापसंद करती हों, ता इसका सर्वोत्तम समाधान है उससे सामने से इसके बारे में बता देना। हो सकता है कि आपके बॉस को पता ही न हो कि उसका व्यवहार आपको पसंद नहीं आ रहा है। लेकिन, यदि इससे मामला नहीं सुलटे, या यदि आपको अपने बॉस से सीधे बात करने में संकोच महसूस हो, तो आप अपनी चिंताओं को मानव संसाधन विभाग या सदाचार हॉटलाइन को रिपोर्ट करें।

### समावेशी संस्कृति: और उत्पीड़न को सहा नहीं जाएगा

हमें कार्यस्थल में होने वाले संभावित भेद-भाव और उत्पीड़न के प्रति सजग रहना होगा। हम अपेक्षा रखते हैं कि सभी - विशेषकर पर्यवेक्षक और कार्यपालक - कार्यस्थल में भेद-भाव और उत्पीड़न को रोकने के लिए उचित कदम उठाएँगे।

प्र: **मेरे सहकर्मियों को अभी-अभी पता चला है कि मै एक समलैंगिक पुरुष हूँ और मैंने अपने पुरुष पार्टनर के साथ शादी की है। अब वे मुझे समारोहों के लिए आमंत्रित नहीं कर रहे हैं और कुछ ऐसी परियोजनाओं में मुझे शामिल नहीं कर रहे हैं, जिनके लिए मैं सर्वाधिक योग्य हूँ। मुझे क्या करना चाहिए?**

उ: पार्कर में किसी भी प्रकार का भेद-भाव - जिसमें लैंगिक अभिरुचि के आधार पर भेद-भाव - सख्ती से वर्जित है। हम सभी प्रकारी लैंगिक अभिरुचि वाले कर्मचारियों का स्वागत करते हैं और उनका समर्थन करते हैं। आप अपनी चिंताओं को मानव संसाधन विभाग या सदाचार हॉटलाइन को रिपोर्ट करें।

### मानवाधिकार

मूलभूत मानवाधिकारों में शामिल हैं काम करने कासुखदायक और सुरक्षित परिवेश, बेगार और बालमजूरी का निषेध, और समुदाय और सुरक्षा का सम्मान करना। पार्कर में हम अंतर्राष्ट्रीय तौर पर माने गए सभी मानवाधिकारों को व्यवसाय और मानवाधिकारों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के निर्देशक सिद्धांतों के अनुसार सम्मान करते हैं। हम अपने व्यवसाय और मूल्य-शृंखला से प्रभावित होने वाले सभी के साथ आदर और सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं।

प्र: **मैं एक आपूरक के यहाँ गया था। जब मैं उसकी सुविधा में था, तब मैंने देखा कि वहाँ काम करने वालों में कुछ ऐसे लोग भी थे, जिनकी उम्र काफी कम लग रही थी। मुझे क्या करना चाहिए?**

उ: तुरंत ही अपने पर्यवेक्षक को सूचित करें। फिर व्यावसायिक निष्ठा और अनुपालन विभाग, कानूनी विभाग, या आपूर्ति शृंखला प्रबंधन विभाग से संपर्क करें। यदि आपको बाल श्रम के उपयोग किए जाने का कोई संकेत या परिस्थितियाँ नजर आएँ, तो आप रिपोर्ट करने केपार्कर की किसी भी चैनल का भी उपयोग कर सकते हैं, जैसे सदाचार हॉटलाइन।



# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

**पार्कर में हमें सीमा-कर और आयात से संबंधित आवश्यकताओं, आर्थिक सैंक्शनों, निर्यात और पुनर्निर्यात नियंत्रणों, बायकॉट रोधी कानूनों, और काले धन को सफेद करने को रोकने के लिए बने कानूनों का पालन करना होगा।**

## आयात और निर्यात

**प्र:** आयात और निर्यात क्या हैं?

**उ:** किसी भौतिक वस्तु, सॉफ्टवेयर, या प्रौद्योगिकी का एक देश से दूसरे देश में आना या जाना। कुछ परिस्थितियों में इसमें इलेक्ट्रॉनी तरीके से फाइलों का अंतरण में शामिल है।

**प्र:** **मुझसे एक ग्राहक को एक उच्च सटीकता वाला मशीन टूल भेजने को कहा गया। मैं क्या करूँ?**

**उ:** आप जिस पर्यवेक्षक के लिए काम करते है, उससे अथवा आपूर्ति शृंखला प्रबंधन से संपर्क करें। कुछ वाणिज्यिक वस्तुओं का प्रेषण या अन्य अंतरण सामरिक उपयोग या अन्य निर्यात नियंत्रण प्रतिबंधों के तहत आ सकते हैं। इस वस्तु को भेजने से पहले आपको आपूर्ति शृंखला प्रबंधन से अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

## हाथ में ले जाए जाने वाले प्रेषण

**प्र:** **कल मैं पार्कर के एक जियोमार्केट में स्थित प्रचालन का दौरा करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय विमान यात्रा करने जा रहा हूँ। आखिरी वक्त पर मुझे विमान में एक सामान अपने साथ ले जाने के लिए कहा गया है। पार्कर के स्वामित्व में आने वाले इस प्रचालन स्थल में यांत्रिक और तकनीकी समस्याएँ हैं, और यह सामान व्यवसाय में रुकावट आने से बचने के लिए परम आवश्यक है। हलाँकि यह सामान काफी भारी है और उसमें से काफी सारी तारें निकली हुई हैं, वह आकार में बहुत छोटा है। यह आसानी से मेरे हाथ में ले जाए जाने वाले सामान में समा सकता है अथवा हवाई अड्डे पर मैं इसे एक अधिक बड़े बैग में डालकर उसे चेक-इन कर सकता हूँ। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ:** आपूर्ति शृंखला प्रबंधन और अपने जियोमार्केट अधिवक्ता से परामर्श करें। जहाँ तक संभव हो हमें वाणिज्यिक वस्तुओं को हाथ में ले जाए जाने वाले सामान के रूप में अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण से बचना चाहिए। हाथ में ले जाए जाने वाले सामान के रूप में अंतर्राष्ट्रीय प्रेषणों का विकल्प है, वायु कूरियरों द्वारा छोटे पैकेज भेजना या विमान द्वारा भेजे जाने वाले किसी पारंपरिक प्रेषण के एक हिस्से के रूप में उसे भेजना। चूँकि आप आपके गंतव्य-स्थान तक जाने वाले उस सामान के कूरियर के रूप में काम करेंगे, आपूर्ति शृंखला प्रबंधन को अग्रिम में आपकी गतिविधियों की समीक्षा करनी होगी ताकि वह इसे सुनिश्चित कर सके कि सभी लागू होने वाले देशीय और विदेशीय कानूनों और कंपनी की नीतियों का पालन किया जा रहा है।

## बयकॉट-निषेधक कानून

**प्र:** **मेरा एक ग्राहक है जो हमारे कुछ सामानों को एशिया भेजना चाहता है, पर मुझे उसका अंतिम गंतव्य-स्थल क्या है, यह बताना नहीं चाह रहा है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ:** बहुत देशों ने दूसरे देशों पर आर्थिक सैंक्शन लगा रखे हैं, जो कुछ मामलों में हमें कुछ विशिष्ट देशों से सामान आयात करने से निषिद्ध करते हैं। अपनी परियोजना को जानें ("केवाईपी") प्रक्रिया को पूरा करना अनिवार्य है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह सामान अंततः ऐसे किसी सैंकश्न वाले पक्षों के हाथों में या सैंक्शन लगे हुए देश में नहीं पहुँच जाता है। उदाहरण के लिए, इस समय उत्तर कोरिया पर आर्थिक सैंक्शन लगे हुए हैं। इसलिए, हमेशा ही हमें सुनिश्चित करना होगा कि हमारे प्रेषणों का अंतिम गंतव्य-स्थान क्या है।

## काले धन को वैध धन में बदलने का निषेध

पार्कर काले धन को वैध धन में बदलने का निषेध करने वाले और आतंकवादियों को वित्तीय सहायता पहुँचने को रोकने वाले कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करने के प्रति समर्पित है। पार्कर काले धन को वैध धन में बदलने के किसी भी गतिविधियों को, और आतंकवादियों को वित्तीय सहायता पहुँचाने वाले किसी भी कार्य को न तो बर्दाश्त करता है, न सुगम बनाता है, न ही समर्थित करता है।

**प्र:** **काले धन को वैध धन में बदलना क्या है?**

**उ:** काले धन को वैध धन में बदलने की कार्रवाई किसी भी व्यावसायिक संबंध में हो सकता है और इसमें निधियों की प्राप्ति या प्रेषण शामिल है, जिसमें ग्राहकों, आपूरकों, व्यावसायिक साझेदारों, और एजेंटों से निधियाँ प्राप्त करना या उन्हें निधियाँ देना शामिल है। इसमें ऐसे लेन-देन शामिल हैं, जिन्हें शायद इस तरह से गढ़ा गया हो कि वे लेखांकन या रिपोर्टिंग आवश्यकताओं से बचकर निकलते हों या ऐसे लेन-देन जो अवैध गतिविधियों से प्राप्त पैसे के स्रोत को छिपाते हैं।

# हमारे व्यवसाय को जिम्मेदारी के साथ चलाना

### हमारी परिसंपत्तियों का रक्षण

जब बात हमारी परिसंपत्तियों के रक्षण की आती है, तब हर पर यह दायित्व है कि हम पार्कर की परिसंपत्तियों, दस्तावेजों, गोपनीय डेटा और जानकारियों, संसाधनों और परिसंपत्तियों, जिसमें बौद्धिक संपदा भी शामिल है, को रक्षित करने और उनका सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए अग्र-सक्रिय होकर कार्य करें। साथ ही, आप ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए कंपनी की प्रणालियों का कभी भी उपयोग नहीं कर सकते हैं, जो कानून और हमारी नीतियों का उल्लंघन करती है, या पार्कर की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाती है।

### साइबर-सुरक्षा

डिजिटल प्रणालियाँ, और उनमें संसाधित की जाने वाली और उनमें संग्रहित की जाने वाली जानकारियाँ, पार्कर के लिए अत्यधिक महत्व रखती हैं। पार्कर की डिजिटल प्रणालियों का उपयोग करने वाले सभी लोगों को - जिनमें कर्मचारी और तृतीय पक्ष शामिल हैं, तथा वे भी जिन्हें इनमें अस्थायी पहुँच दी गई है, सुनिश्चित करना होगा कि वे इन संसाधनों का उचित उपयोग करते हैं जो प्रासंगिक डेटा रक्षण और साइबर-सुरक्षा नीतियों के अनुरूप हो।

यदि कोई उल्लंघन हो जाए, तो कृपया तुरंत ही अपने पर्यवेक्षक से संपर्क करें। आपका पर्यवेक्षक सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से संपर्क करके यह निर्धारित करेगा कि पार्कर की गोपनीय जानकारी और परिसंपत्ति की रक्षा कैसे करनी है।

### गोपनीयता और निजी जानकारी

हम अपने व्यवसाय, ग्राहक, कर्मचारी और तृतीय पक्षों से संबंधित गोपनीय डेटा और जानकारी का सम्मान करते हैं और उसकी रक्षा करते हैं। हम अपने कर्मचारियों और तृतीय पक्षों द्वारा हमें दी गई निजी जानकारी को अनुमत रीति से और पार्कर की नीतियों और निदेशों के अनुसार, या कानून की आवश्यकता के अनुसार उपयोग कर सकते हैं और उसका खुलासा कर सकते हैं। आप अपने पिछले नियोजक से प्राप्त गोपनीय जानकारी का उपयोग नहीं कर सकते हैं।

### निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और विश्वास-रोध

हम स्वीकार करते हैं कि हमने अपना प्रतिस्पर्धात्मक लाभ हमारे पेशेवरीय विशेषज्ञता और हमारे उत्पादों, समाधानों और सेवा की डेलिवरी की गुणवत्ता से अर्जित किया है। हम अपने प्रतिस्पर्धी व्यवहार में ईमानदारी बरतते हैं और काम प्राप्त करने या अन्य लाभों के लिए निजी प्रलोभन नहीं देते हैं। पार्कर प्रतिस्पर्धियों के साथ कीमत से संबंधित जानकारियाँ साझा नहीं करता है न ही ऐसे किसी भी बाजार से संबंधित कार्रवाई में भाग लेता है जो क्षमता को अवैध रूप से कुंठित करता है।

# प्रद्योगकी द्वारा उन्नयित कंपनी

पार्कर में हम निरंतर सुधार करने की मनोवृत्ति रखते हैं ताकि हम अपनी प्रतिष्ठा और निष्ठा को कायम रख सकें। पार्कर में बहुत सारे पेशेवर काम कर रहे हैं जो प्रौद्योगिकी प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग करके नैतिक व्यावसायिक आचरण को उन सभी भौगोलिक क्षेत्रों में आगे बढ़ाते हैं जहाँ सब हम करोबार कर रहे हैं। हम स्वचालन, क्लाउड-आधारित प्रणालियों, और डेटा वैश्लेषिकी का उपयोग करके जोखिम को कम करते हैं और पार्कर को भविष्योन्मुख करते हैं, जिसमें एक ऐसे विश्व में पार्कर को अग्रणी स्थान दिलाना भी शामिल हैं जिसमें कृत्रिम बुद्धि, ब्लॉकचेइन, और मेटावर्स हमारे जीवन में अधिक महत्व ग्रहण करते जाएँगे।



# हितों में टकराव

**ईमानदारी के साथ, नैतिकतापूर्ण रीति से और पार्कर के सर्वोत्तम हितों के अनुरूप व्यवहार करना हमारा दायित्व है। हमें ऐसी स्थितियों से बचना होगा, जहाँ निजी हित पार्कर के हितों से टकराते हों, या टकराने का आभास देते हों।**

**प्र:** **मेरी पत्नी एक ऐसी कंपनी में अधिकारी जो पार्कर के साथ कारोबार करता है। पार्कर में अपनी नौकरी के तहत मेरा भी उस कंपनी के साथ समय-समय पर काम रहता है। क्या यह एक समस्या है?**

**उ:** यह महत्वपूर्ण है कि हितों में मौजूद सभी प्रत्यक्ष या परोक्ष टकरावों का खुलासा किया जाए, ताकि समस्याओं का पूर्वानुमान हो सके और उनसे बचा जा सके। आपकी स्थिति हितों में संभावित टकराव का संकेत देती है और इसलिए हितों में टकराव नीति के तहत आपको इसका खुलासा करना होगा।

**प्र:** **हमारा एक ग्राहक मुझे नौकरी देना चाहता है। यह ग्राहक एक ऐसा व्यावसायिक उद्यम शुरु करने में मेरी मदद चाहता है, जो पार्कर के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। मैं इस ग्राहक के लिए तब काम करूँगा जब मैं पार्कर के लिए काम नहीं कर रहा होऊँगा। क्या यह स्वीकार्य है?**

**उ:** नहीं। इस तरह की व्यवस्था में हितों का टकराव झलकता है। दूसरे लोग यह समझ सकते हैं कि आप इस ग्राहक के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर सकते हैं।

### हितो में टकराव का खुलासा करना

आपको अपने निजी हितों और पार्कर के हितों में होने वाले सभी संभावित टकरावों की जानकारी अपने पर्यवेक्षक को देनी होगी। आपका पर्यवेक्षक आपके साथ काम करते हुए ऐसी एक योजना लागू करेगा जो हितों में मौजूद इस टकराव को दूर कर देगी। यदि हितों में ऐसा कोई टकराव हो, जिसे आप दूर नहीं कर सकते हैं, तो आपको तथा अपने पर्यवेक्षक को इस टकराव की जानकारी मानव संसाधन विभाग देनी होगी ताकि उसका निराकरण किया जा सके।

# आंतरिक नियंत्रण

पार्कर की लेखा-पोथियाँ, खाते, और वित्तीय वक्तव्यों को उचित ब्योरे के साथ रखना होगा, उन्हें कंपनी के लेन-देनों को सटीकता के साथ दर्शाना होगा, और उन्हें पार्कर की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों का पालन करना होगा।



# मनोरंजन, यात्रा, उपहार, एवं अंशदान

मनोरंजन, यात्रा, उपहार, एवं अंशदान मान्य व्यावसायिक उद्देश्यों से संबंधित होने चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि दिए जा रहे या स्वीकार किए जा रहे तोहफे, अंशदान, या मनोरंजन सीमित मूल्य के ही हों और वे इसका आभास नहीं देते हों कि कोई गलत कार्य किया जा रहा है या अनुचित रीति से किसी को प्रभावित किया जा रहा है।

**प्र:** **हमारे एक आपूरक ने मुझे यूरोपीय फुटबॉल स्पर्धा की अंतिम मैच के लिए दो टिकट दिए हैं। यह मैच विदेश में होने वाला है। क्या मैं इन टिकटों को स्वीकार कर सकता हूँ?**

**उ:** इसे सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक उचित विनिमय है, इस तोहफे को स्वीकार करने से पहले आपको पार्कर की मनोरंजन, यात्रा, तोहफे और अंशदान (ईटीजीडी) नीति और कार्यविधि देखनी होगी तथा अपने जियोमार्केट अधिवक्ता से अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

### सरकारी अधिकारियों के साथ काम करना

**प्र:** **मेरे देश में सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनियों के निचले स्तर के कर्मचारियों को त्योहारों के अवसर पर फल, पनीर, वाइन की टोकरी जैसे तोहफे निचले स्तर के कर्मचारियों को देने की प्रथा है। हम उनसे कोई भी गैरकानूनी काम करने या पार्कर के साथ वरीयतापूर्ण व्यवहार करने को नहीं कहते हैं, न ही हमारा इरादा किसी व्यावसायिक गतिविधि के नतीजे को प्रभावित करना होता है। क्या हम ऐसे तोहफे दे सकते हैं?**

**उ:** सरकारी अधिकारियों को दिए जाने वाले सभी तोहफों के लिए आपको पार्कर के अनुपालन पोर्टल (319parkerwellbore.com) के ईटीजीडी विभाग के जरिए अनुमोदन प्राप्त करना होगा। आपको अपनी सूझबूझ का उपयोग करके भी यह तय करना होगा कि क्या ये तोहफे उचित हैं अथवा नहीं।

# तृतीय पक्षों के साथ संबंध


पार्कर के तृतीय पक्ष और आपूरक हमारे ग्राहकों को उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने और प्रचालन करने की हमारी क्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अन्यों के साथ कार्य करते समय - चाहे वे तृतीय पक्ष हों, या आपूरक या ग्राहक - पार्कर सम्मान और निष्ठा के उन्हीं उच्च मानकों को अपनाता है जो इस संहिता में वर्णित हैं। यही वजह है कि हमें इन लोगों को ध्यानपूर्वक चुनना चाहिए और केवल ऐसे तृतीय पक्षों के साथ काम करना चाहिए जो निष्ठा के प्रति हमारे जैसी ही प्रतिबद्धता रखते हैं, तथा जो योग्य हैं और जो मानवाधिकारों का पालन करते हैं, और लागू होने वाले कानूनों का अनुपालन करते हैं।

**प्र:** **तृतीय पक्षीय प्रतिनिधि (टीपीआर) कौन हैं?**

**उ:** आपूरक, विक्रेता, या बिचौलिए - सामान्यतः संगठन या व्यक्ति - जो ग्राहकों और सरकारी अधिकारी जैसे बाहरी तृतीय पक्षों के लिए पार्कर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**प्र:** **क्या भ्रष्टाचार-रोधी कानून टीआरपी पर लागू होते हैं?**

**उ:** हाँ। अमेरिका के विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम और यूके के रिश्वतखोरी अधिनियम जैसे भ्रष्टाचार-रोधी कानून व्यवसाय प्राप्त करने या व्यवसाय को कायम रखने के लिए सरकारी अधिकारियों या तृतीय पक्षों को सीधे किए गए अवैध भुगतानों का निषेध करते हैं। ये कानून सलाहकारों या एजेंटों के माध्यम से घुमा-फिराकर किए गए भुगतानों का भी निषेध करते हैं।



**मुख्यालय**

2103 सिटी वेस्ट बुलीवार्ड, सुएट 400
ह्यूस्टन, TX 77042-2835

**+1 281.406.2000**


**www.parkerwellbore.com**

Energy. Well engineered.

**सदाचार हॉटलाइन**

सदाचार या अनुपालन से संबंधित मामलों को रिपोर्ट करने के लिए ऑनलाइन रूप से सदाचार हॉटलाइन (जिसे नैवेक्स ग्लोबल संचालित करता है) से यहाँ संपर्क करें:

**parkerwellbore.ethicspoint.com**



इस संहिता के बारे में सामान्य प्रश्नों के लिए कृपया अपने पर्यवेक्षक, मानव संसाधन व्यावसायिक साझेदार, कानूनी विभाग, व्यावसायिक निष्ठा और अनुपालन विभाग से बात करें, या compliance.specialist@parkerwellbore.com से संपर्क करें